11 अक्टूबर को प्रभात फेरी

पावटा। अग्रवाल महासभा रजि. पावटा की एक महत्वपूर्ण बैठक संरक्षक वीरेंद्र बंसल एवं अध्यक्ष बलदेव गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आगामी 11 अक्टूबर को अग्रसेन महाराज का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम, भव्यता एवं शाही लवाजमे के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार जन्मोत्सव के अवसर पर प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो मोदी मंदिर से प्रारंभ होकर आदर्श विद्या मंदिर तक पहुंचेगी।

वहीं शाम 6 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जयपुर के प्रसिद्ध कलाकार कृष्णा तिलकधारी द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

हत्या के मामले का 72 घन्टे में खुलासा, दो आरोपी बालक निरूद्ध

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में पुलिस बनेठा व जिला स्पेशल टीम की साइबर सैल व अलग-अलग टीमों बनेटा थाना क्षेत्र में हुई गत 5 अक्टूम्बर को हत्या कर लूट के मामले में त्वरित कार्यवाही कर दो बाल अपचारियों को निरूद्ध किया जाकर उनके कब्जे से लूट के माल को बरामद किया।

रोशन मीना (आई.पी.एस.) जिला पुलिस अधीक्षक जिला टोंक के निर्देशानुसार रतन लाल भार्गव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक, कमल जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रेस आयोजित कर बताया कि घटना स्थल का एफएसएल टीम व एमआईयु टीम द्वारा मौका निरिक्षण कर साक्ष्य संकलित करने के बाद मोके मिले वजह सबूत आर्टिकिल जप्त किये गये। जिसके बाद पुलिस टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए फील्ड इंटेलिजेंस, तकनिकी अंनुसंधान एव अन्य मिली सूचना के बाद घटना कारित करने वाले दो बाल अपचारीयों को निरूद्ध किया गया। अनुसंधान के दौरान बाल अपचारियों से लूटी गई सोने की मूर्किया बरामद व घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी एवं चाकू बरामद किये गये। घटना के दौरानं 5 अक्टूम्बर को थाना बनेठा के ग्राम रूपवास धाबाई की ढाणी के पास कच्चे रास्ते पर एक मोटरसाईकिल गिरने व लहुलुहान हालात में एक व्यक्ति घायल अवस्था में गिरा होने की सूचना पर मौके पर पंहुची बनेठा थाना टीम वएमआईयु, एफएसएल, डीएसटी तथा साईबर सैल टोंक की टीमों ने घायल राजु गुर्जर को सआदत अस्पताल टोंक पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरो ने घायल को मृत घोषित कर दिया गया। गठित विशेष टीमों द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, घटनास्थल से फुट प्रिन्ट लिये गये एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा तकनीकी व मानवीय आसूचना के आधार पर संदेह के घेरे में आए दो नाबालिगों को निरूद्ध किया जाकर दोनों बाल अपचारियों से वारदात का सम्पूर्ण खुलासा व लूट की गई दोनो कान की मुर्किंयां तथा घटना में प्रयुक्त हथियार कुल्हाडी व चाकू जप्त किया गया है। दोनों विधि से संघर्षरत बालकों ने पूछताछ में बताया कि मृतक राजू गुर्जर को वे पहले से भली-भांति जानते हैं, क्योंकि मृतक उनकी ढाणी में भी प्रतिदिन दूध देने आता था। मृतक के कानों में सोने की मुरकियां (मुर्की) पहनी हुई थीं, जिन्हें लूटने की नीयत से दोनों ने हत्या की योजना बनाई। योजना के अनुसार घटना वाले दिन सुबह दोनों बाल अपचारी धारदार हथियार लेकर रास्ते में छिपकर बैठ गए।



टोंक में हत्या कर लूट के मामले में त्वरित कार्यवाही कर दो बाल अपचारियों को निरूद्ध किया।

- बाल अपचारियों से लूटी गई सोने की मूर्किया बरामद व घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी एवं चाकू बरामद किये गये

जैसे ही मृतक राजू गुर्जर मोटरसाइकिल से वहां से निकला तो दोनों ने आवाज देकर रोककर कहा कि काका हमें भी आगे तक ले चलो। जैसे ही मृतक ने उन्हें बिठाने के लिए मोटरसाइकिल रोकी तो पीछे बैठते ही एक ने कुल्हाडी से सिर पर वार कर दिया। मृतक के गंभीर रूप से घायल होकर गिर जाने पर दोनों ने उनके कानों में पहनी हुई सोने की मुर्किंयों को चाकू से काटकर निकाल लिया।

सार-समाचार

35 वार्डों में सफाई-रोशनी का इंतजाम होगा

लालसोट। शारदीय नवरात्रि पर्व नजदीक है और शहर के मंदिरों में तैयारियां तेज हो रही हैं। ऐसे में नगर परिषद के सामने सबसे बड़ी चुनौती शहर के सभी 35 वार्डों में सफाई, स्ट्रीट लाइट और धार्मिक स्थलों पर रोशनी की पुख्ता व्यवस्था करने की है। सवाल यह है कि क्या पर्व से पहले परिषद इन व्यवस्थाओं को धरातल पर उतार पाएगी । उल्लेखनीय है कि नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में घाटेश्वर नाथ महादेव, गरीबों के गिरधारी महाराज, गिरधारी महाराज, रघुनाथ मंदिर, बांके बिहारी, महाकाली, मालेश्वर नाथ महादेव और चंद्रेश्वर नाथ महादेव सहित करीब 52 मंदिर हैं, जहां नवरात्रि पर्व हर वर्ष बडे ही हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि के दौरान इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने के साथ देर रात तक धार्मिक आयोजन होते हैं। ऐसे में मंदिरों के आसपास विशेष सफाई, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट और आकर्षक रोशनी की व्यवस्था बेहद जरूरी है। मुख्य मार्गों से लेकर मंदिर परिसरों तक कचरा नहीं रहे और अंधेरे स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था हो, यह नगर परिषद की बड़ी जिम्मेदारी बनती है। शहरवासियों की नजर अब नगर परिषद की तैयारियों पर है। सवाल केवल प्रमुख मंदिरों को सजाने का नहीं, बल्कि सभी 35 वार्डों में समान रूप से सफाई और प्रकाश व्यवस्था पहुंचाने का है। कहीं ऐसा न हो कि कुछ चुनिंदा इलाकों में रोशनी की चमक नजर आए और बाकी वार्ड व्यवस्थाओं के इंतजार में रह जाएं। नवरात्रि पर्व नगर परिषद की व्यवस्थाओं की भी परीक्षा लेने वाला है। अब देखना होगा कि पर्व से पहले परिषद 52 मंदिरों और शहर के 35 वार्डों में सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर कितना गंभीर अभियान चलाती है।

लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन देख दर्शक भावविभोर

पावटा। आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वावधान में रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के पांचवे दिन धनुष यज्ञ की लीला मंचन के दौरान रावण-बाणासुर, लक्ष्मण परशुराम संवाद एवं सीता स्वयंवर की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला के प्रथम दृश्य में सीता जी का गौरी पूजन, राम सीता मिलन व सीता स्वयंवर में देश विदेश से आए राजा जनक के दरबार में पहुंचे। जहां मिथिला के राजा जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर में लंकापति रावण समेत दूसरे राजा व भगवान भक्त बाणासुर पहुंचे ।रावण-बाणासुर संवाद के शंखनाद से देश के राजा थर्रा उठे। रावण के जाने के बाद देश देश के राजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया। राजाओं द्वारा धनुष तोड़ने के हास्य को देखकर लोट-पोट हुए। वही बड़े बड़े योद्धाओं द्वारा धनुष नहीं उठाने पर सभा में सन्नाटा छा गया। राजा जनक ने कहा कि क्या यह पृथ्वी वीरों से हीन हो गई है। जहां आगे आकर श्री राम परशुराम से कहते हैं कि धनुष को आपके ही किसी दास ने तोड़ा होगा। वह स्वयं को मुनि का सेवक बताते हैं तो परशुराम और भी क्रोधित हो जाते हैं और कहते हैं कि सेवक वह होता है जो सेवा करता है। राम बारात में सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया श्रीराम-सीता विवाह के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बेटी की विदाई के भावुक क्षणों में राजा जनक की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान इस दौरान मंडल संरक्षक महेश पारीक, उमेश टांक, वरिष्ठ सदस्य रमाकांत गौड, शंकर शर्मा, अध्यक्ष योगेश शर्मा, डायरेक्टर मोहन गौड, उपाध्यक्ष दीपक पटेल, साँवर मल बोहरा, रामशरण बोहरा, नरेंद्र गौड, सोनू अठावाल, कोषाध्यक्ष विकास पुजारी, ललित शर्मा, सुनील गौड, लक्की भारद्वाज, शुभम शर्मा, मुकेश सोनी, पंकज सैन, बिहारी सोनी, गुड्डू गुप्ता, सुभाष टीलावत, शिवम जोशी, अरविंद जांगिड, अमित बटवाल, आशीष शर्मा, प्रदीप टांक, लोकेश टांक, जीतू कुमावत, गिरिराज,लक्ष्मीकांत शर्मा, सोमदत्त शर्मा, राघव टीलावत, केशव, लक्ष्य, धर्मेंद्र , अमित बटवाल सहित पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

कालूराम मीना एवं दिनेश खंगार सम्मानित

निवाई। एसबीआई बैंक के प्रशासनिक कार्यालय जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने वाले ग्राहक सेवा केंद्र संचालक कालूराम मीना नायला व एसबीआई बनस्थली निवाई शाखा के सीएसपी दिनेश कुमार को उप महाप्रबंधक विश्वनाथ यादव द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य, लगन व निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के प्रबंधक राजकुमार तिवाडी ने दोनों सम्मानित सीएसपी कालूराम मीना एवं दिनेश कुमार खंगार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसबीआई बनस्थली शाखा प्रबंधक बीरबल मीणा व रमेशचन्द मीणा सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम आज

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी गंभीर सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथियों में डीवाईएसपी रविकुमार शर्मा व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा होंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर व कार्यक्रम की प्रभारी डॉ स्वाति जनकावत ने बताया कि कार्यक्रम में निवाई के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के एक बालक व एक बालिका सहभागिता करेंगे।

स्कूल परिसर में शव का दाह संस्कार करने के मामले में 5 पकड़े

दूदू। नगर पालिका मुख्यालय पर संचालित शिक्षा विभाग के अधीन स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल परिसर में गेट का ताला तोड़कर शव का दाह संस्कार करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के नवनिर्वाचित पार्षद सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना निरीक्षक संजय मीणा ने बताया कि माल की ढाणी निवासी बाबूलाल बागरिया की मृत्यु के बाद बागरिया समाज के कुछ लोगों ने रविवार को सरकारी विद्यालय के गेट का ताला तोड़कर परिसर में शव का दाह संस्कार कर दिया था। इस दौरान स्कूल परिसर में ही चिता स्थल बना दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों एवं अभिभावकों में आक्रोश फैल गया।

- सरकारी विद्यालय के गेट का ताला तोड़कर परिसर में शव का दाह संस्कार किया था

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सरिता मीणा ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने कालूराम बागरिया (पार्षद) गोपीराम, रामसहाय बोदूराम एवं बबलू निवासी माल की ढाणी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

विशाल शनि मेला कल

निवाई। शिवाजी पार्क के बाहर स्थित शनिदेव जी के मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या महोत्सव को लेकर शनि मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पंडित राधेश्याम पुजारी ने बताया कि 10 अक्टूबर को शनि अमावस्या महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनि मेला महोत्सव को लेकर संपूर्ण रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

शनिवार को शनिदेव, हनुमानजी एवं भगवान शिवजी की फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी एवं सुबह 6 से शाम 4 बजे तक श्री शनि देव जी का सवा किलो तेल से अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनि मेले को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

चुनाव आयोग आयुक्त व भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

टोंक। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क में गुस्वार को धरना देकर घंटाघर चौराहे तक पैदल मार्च निकाल कर भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और गिरफ्तार करने की मांग एवं पिछले दो दिनों में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं के साथ की गई बर्बरता पूर्वक कार्यवाही के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि लोकतंत्र आज खतरे में है, ज्ञानेश कुमार को हटाना ही होगा। उन्होंने कहा कि वोट देकर किसी सरकार को बदलने की शक्ति हमेशा से जनता के पास रही है, मगर यह शक्ति भाजपा और चुनाव आयोग ने कमज़ोर कर दी है उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि प्लॉट की साजिश से बीजेपी के साथ मिलीभगत कर चुनाव आयोग ने 13 करोड़ नाम वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीढ़ियों से हिंदुस्तान में रहने वाले लोगों के नाम काट दिए गए,। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी ने कहा कि दिल्ली जंतर मंतर पर पिछले दो दिनों में कांग्रेस के बड़े नेताओं और राहुल गांधी प्रियंका गांधी के साथ बर्बरता पूर्ण कार्यवाही की जा रही है, विपक्ष का एक डेलिगेशन राहुल गांधी के नेतृत्व में ज्ञानेश कुमार से मिलना चाह रहा था लेकिन सरकार ज्ञानेश कुमार से नहीं मिलने दे रही है। वही ज्ञानेश कुमार का बचाव भाजपा कर रही है, भाजपा और चुनाव आयोग की मिली भगत जनता के सामने आ चुकी है। इस अवसर पर किशन फगोरिया, कैलाशी देवी मीणा, इरशाद बेग, देवकरण गुर्जर, शिवजी राम मीणा, बरकात हसीन, अब्दुल खालिक, रामलाल गुर्जर, युसूफ यूनिवर्सल इम्तियाज़ खान, मनिंदर बेरवा, आकाश बेरवा, पंकज यादव, सीपी श्रीवास्तव, शबाना बी, जर्रार खान फोजू राम मीणा, बजरंग लाल वर्मा, अलका बेरवा, राहुल चंदेल, कमलेश चावला, शिवपाल खण्डवा, राजेश मोड, पार्षद भागचंद गुर्जर, आमिर फारूक, मोहम्मद कमर, हैदर अली इमरान पहलवान आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अपात्र लाभार्थियों को हटाने के लिए सर्वे

कोटपूतली । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजना से बाहर करने तथा पात्र एवं वंचित परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने के उद्देश्य से गिवअप अभियान के द्वितीय चरण के तहत जिले में अक्टूबर से दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला कलक्टर के निर्देशन में अभियान के तहत डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र एवं अपात्र लाभार्थियों की स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। अभियान के तहत विशेष रूप से ऐसे शहरी वार्डों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां जनगणना-2011 के अनुसार 80 प्रतिशत से अधिक आबादी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रही है। प्रथम चरण में पावटा क्षेत्र एवं नारायणपुर की ग्राम पंचायत जोधपुरा में सर्वे कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सर्वे के दौरान ऐसे व्यक्ति एवं परिवारों को चिन्हित किया जाएगा।

पृथक पोलिंग बूथ की मांग को लेकर 7वें दिन भी धरना जारी

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम करवास के ग्रामीणों द्वारा पृथक पोलिंग बूथ की मांग को लेकर गांधी जयंती 02 अक्टूबर से शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को लगातार 7 वें दिन भी ओमप्रकाश आर्य के नेतृत्व व सीताराम प्रजापत की अध्यक्षता में बदस्तूर जारी रहा। धरने में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिनके चेहरों पर प्रशासन की बेरुखी को लेकर गहरा आक्रोश साफ देखा जा सकता था।

ओमप्रकाश आर्य ने कहा कि यदि तकनीकी कारणों से करवास में स्वतंत्र बूथ नहीं दिया जा सकता, तो बनका पंचायत के ही एक हिस्से 'बालकान की ढाणी' रोड पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया जाए। यह स्थान दोनों गांवों के बीच में पड़ता है और इससे ग्रामीणों की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। उन्होंने बताया कि धरने पर अभी तक किसी भी राजनीतिक दल का कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा है। ग्रामीण बिना किसी राजनीतिक बैसाखी के अपने दम पर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, दोबारा निष्पक्ष भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता और करवास- बनका मुख्य मार्ग से जलभराव खत्म कर पक्की सड़क नहीं बनती, तब तक यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा। आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और उठा व व्यापक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने जमीनी हकीकत जाने बिना महज 'गूगल मैप्स' के सहारे कागजी खानापूर्ति कर ली है। सरकारी कागजों में करवास से बनका मतदान केंद्र की दूरी को महज 3 से 3.5 किलोमीटर का सीधा और सुगम मार्ग दर्शाया गया है, लेकिन हकीकत में यह रास्ता किसी खौफनाक नदी-नालों के दलदल से कम नहीं है।



निकटवर्ती ग्राम करवास के ग्रामीणों द्वारा पृथक पोलिंग बूथ की मांग को लेकर धरना दिया।

यहां 05 से 20 फीट चौड़े नाले हमेशा कीचड़ और गंदे पानी से लबालब भरे रहते हैं। इसके ऊपर से गुजरने वाला स्टेट हाईवे बिना किसी कट, अंडरपास या ओवरब्रिज के एक 'डेथ हाईवे' बन चुका है। अगर प्रशासन का कोई भी अधिकारी इस दिखाए गए रास्ते या पानी की निकासी के लिए बने 5 5 फीट के संकरे ब्लॉक होल से निकलकर दिखा दे तो ग्रामीण अपनी मांग तुरंत छोड़ देंगे।

दो भाईयों ने बाजी मारी

राजगढ़ । क्षेत्र के बबेली ग्राम निवासी दो भाईयों में 70 वी राज्य स्तरीय 17 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। हर्षवर्धन सिंह गोल्ड मेडल एवं जयवर्धन सिंह नरूका सिल्वर मेडल पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बबेली के भतीजे हैं। हर्षवर्धन सिंह का राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन हुआ है।

70 वी राज्य स्तरीय 17 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता सरवाड़ अजमेर में संपन्न हुई,जिसमें हर्षवर्धन सिंह ने 63 से 66 किलो भार वर्ग में अजमेर की ओर से खेलते गोल्ड मेडल जीता। दूसरी और जयवर्धन सिंह नरूका ने 14 वर्षीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता अलवर में 48.50 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता।

इसका राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन हुआ। हर्षवर्धन एवं जयवर्धन सिंह के पिता सुरेंद्र सिंह नार का वर्तमान में रेलवे सीटीआई के पद पर जयपुर में कार्यरत है ।

पावटा-प्रागपुरा पालिका में उपाध्यक्ष सोमवती का मोर्चा

पावटा। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा की उपाध्यक्ष सोमवती ने कस्बे की बदहाल सड़कों, क्षतिग्रस्त नालियों, अंडरपास में अंधेरे और वर्षों से अधूरे पडे विकास कार्यों को लेकर पालिका प्रशासन के सामने कड़ा मोर्चा खोल दिया है। उपाध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी को अलग-अलग पत्र भेजकर मौके पर तत्काल कार्रवाई कराने के साथ संबंधित अधिकारियों व एजेंसियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

उपाध्यक्ष ने वार्ड संख्या 20 में बद्री चौहान की दुकान की गली से राठी कॉलोनी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क धंस गई है और जगह-जगह गहरे गड्ढे, कीचड़ व जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इससे आमजन, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तत्काल गिट्टी-मुरम डलवाकर रास्ता सुचारू कराने तथा स्थायी समाधान के लिए सीसी सड़क और पक्की नाली का तकनीकी तखमीना तैयार कराने की मांग की। मुख्य बस स्टैंड स्थित छोटे अंडरपास में पर्याप्त रोशनी नहीं होने का मामला भी उपाध्यक्ष ने उठाया। उन्होंने कहा कि इस संकरे रास्ते से दिन-रात महिलाएं, विद्यार्थी और वाहन चालक गुजरते हैं। अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता से मौका निरीक्षण करवाकर अंडरपास में पर्याप्त संख्या में मजबूत एवं वाटरप्रूफ एलईडी लाइटें लगवाने की मांग की। एक अन्य पत्र में छोटे अंडरपास से मुख्य बाजार तक क्षितठास्त नालियों की मरम्मत तथा सुभाष चौक से चमत्कारी चौराहे के रास्ते में खुली गहरी नाली पर फेरो-कवर अथवा मजबूत लोहे की सुरक्षा जाली लगाने की मांग की गई। उपाध्यक्ष ने कहा कि व्यस्त मार्ग पर खुला नाला राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने दोनों स्थानों पर तकनीकी टीम भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। वार्ड 17, 18, 19 और 20 से जुड़े पुराने रोड पर सब्जी मंडी क्षेत्र से एमडीआर सड़क तक बनी सीसी सड़क को पाइपलाइन डालने के लिए खोदे जाने और एक वर्ष से अधिक समय बाद भी मरम्मत नहीं होने पर भी सोमवती ने सवाल खड़े किए हैं।

- टूटी सड़क, खुली नालियां, अंडरपास का अंधेरा और अधूरे विकास कार्यों पर ईओ को भेजे पत्र

उन्होंने ईओ से रोड कटिंग की स्वीकृति, जमा कराए गए रोड कटिंग रेस्टोरेशन शुल्क, संबंधित विभाग/ठेकेदार की अनुबंध शर्तों और पूरी पत्रावली दो दिन में उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही सड़क की तत्काल सीसी मरम्मत शुरू कराने तथा आगामी 12 अक्टूबर की साधारण सभा में संबंधित जेईएन एवं विभाग/ठेकेदार के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट सदन के समक्ष रखने को कहा है। वार्ड संख्या 20 में शनि मंदिर के पास रतनलाल गुप्ता के मकान के सामने जलभराव की समस्या को लेकर भी उपाध्यक्ष ने गंभीर आपत्ति जताई। पत्र के अनुसार 8 मार्च 2025 को नाली निर्माण के लिए 7.15 लाख की अनुमानित लागत के कार्य का शिलान्यास किया गया था, लेकिन डेढ वर्ष से अधिक समय गुजरने के बावजूद निर्माण पूरा नहीं हुआ। उपाध्यक्ष सोमवती मीणा ने स्वीकृत कार्य की वर्तमान स्थिति और वर्क ऑर्डर की पत्रावली उपलब्ध कराने तथा सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत तकनीकी टीम भेजकर मौका निरीक्षण कराने और नाली निर्माण शुरू करवाने की मांग की है। उपाध्यक्ष ने मुख्य बाजार स्थित सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा एवं स्मारक परिसर की नियमित सफाई और रखरखाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महापुरुष की प्रतिमा पर धूल-मिट्टी जमा है और परिसर में भी सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। उन्होंने प्रतिमा की सम्मानपूर्वक धुलाई, परिसर की नियमित सफाई तथा इसके लिए संबंधित सफाईकर्मी की विशेष जिम्मेदारी तय करने की मांग की। उपाध्यक्ष सोमवती ने कहा कि सड़क, नाली, रोशनी और स्मारकों की स्वच्छता जैसे मुद्दे सीधे जनसुविधा और जनसुरक्षा से जुड़े हैं। इसलिए इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाना चाहिए। साथ ही लंबित कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

कलश यात्राा में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में कथा वाचक पंडित प्रदीप गिर्राज शास्त्री के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा सप्ताह का विधि-विधान के साथ शुभारंभ हुआ। जिसको लेकर चिंताहरण गणेश जी के मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

कलश यात्रा के शुभारंभ से पूर्व चिंताहरण गणेश जी के मंदिर में पंडित प्रदीप गिर्राज शास्त्री के सानिध्य में यजमानों एवं श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत कलश पूजन करके कलश यात्रा को रवाना किया गया। कलश यात्रा में करीब 51 से अधिक महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर नाचते गाते हुए रवाना हुई। कलश यात्रा में बैंड-बाजे व डीजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से नाचते गाते हुए चल रहे थे। पूरे रास्ते में जय श्री कृष्णा व राधे-राधे के जयकारों से संपूर्ण वातावरण धर्ममय हो गया। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में पहुंची। जहां विद्वान पंडितों के के सानिध्य में शास्त्रोक्त विधि से मंत्रोच्चारण के साथ मंगल कलशों की विधिवत स्थापना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर एवं आस-पास का वातावरण दिव्य व आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कलश स्थापना के उपरांत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन संपन्न किया गया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ।

कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर केंद्र सरकार का पुतला दहन कर प्रदर्शन

भरतपुर (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के निर्देशानुसार भरतपुर जिला मुख्यालय पर अभी हाल ही में चुनाव आयोग से शांतिपूर्वक जवाबदेही की मांग कर रहे कर रहे कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं बर्बरता पूर्वक कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। जिला कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस सांसद संजना, जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा सहित पूर्व विधायक एवं बडे नेता नदारद रहे।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पुतला दहन से पूर्व अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष कार्यकर्ताओं ने एक सभा की, जिसमें वक्ताओं ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं भाजपा सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार की कारगुजारियों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की। वक्ताओं ने पिछले चुनाव में भाजपा सरकार द्वारा सत्ता के प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए निर्वाचन आयोग एवं स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जिस तरीके से वोट चोरी करवाई गई एवं जीते हुए पार्षदों की भी चोरी करवाई गई। इसकी कड़े शब्दों में भाजपा सरकार की आलोचना की गई। वक्ताओं ने गत दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे एवं राहुल गांधी तथा इंडिया ब्लॉक के सभी सांसद जब शांतिपूर्वक चुनाव आयोग की जवाब देही तय करने की मांग करने जा रहे थे तो केंद्र सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा बलपूर्वक उन पर लाठी चार्ज कर घायल कर देने को अमानवीय एवं भाजपा सरकार की बौखलाहट बताया। कहा कि भाजपा सरकार देश में जनता की आवाज उठाने वाले नेताओं की आवाज को बलपूर्वक दबाना चाहती है जिसके दूरगामी दुष्परिणाम भाजपा को भुगतने पड़ेंगे। आज पूरे देश के जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर भाजपा सरकार के खिलाफ धरने प्रदर्शन मार्च तथा पुतला दहन के कार्यक्रम आयोजित करके आज का दिन काला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भरतपुर में आज अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित सभा का आयोजन किया गया, सभा के बाद में अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार तक कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर चुनाव आयोग एवं भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी के साथ हुए दुव्यवहार के विरोध में केन्द्र सरकार का पुतला जलाया।